**No. of Printed Pages : 2** **Roll No……………**

# AA-1122
## (019) B.A. Part–I (Private)
## Term End Examination, 2021-22

**Compulsory**

**HINDI LITERATURE**

**(Paper II)**

**Time : 3 hours]** **[Maximum Marks : 75**

**नोट-** *प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।*

**1.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं तीन की संसदर्भ व्याख्या कीजिए– **10×3=30**

(क) वह जालपा, जो अपनी हर बात-बात पर मना किया करती थी, अब सेवा त्याग और सहिष्णुता की मूर्ति थी। जग्गो मना करती रहती, पर वह मुँह अंधेरे सारे घर में झाडू लगा आती, चौका-बर्तन कर डालती। आँटा गूँधकर रख देती, चूल्हा जला देती। तब बुढ़िया का काम केवल रोटियाँ सेंकना था।

(ख) हम क्षणिक मोह और संकोच में पड़कर अपने जीवन के सुख और शान्ति का कैसे होम कर देते हैं ? अगर जालपा मोह के इस झोंके में अपने को स्थिर रख सकती, और रमा संकोच के आगे सिर न झुका देता। दोनों के हृदय में प्रेम का सच्चा प्रकाश होता, तो वे पथ भ्रष्ट होकर सर्वनाश की ओर न जाते।

(ग) ''बुद्धगुप्त ! मेरे लिए सब भूमि मिट्टी है, सब जल तरल, सब पवन शीतल है। कोई विशेष आकांक्षा हृदय में अग्नि के समान प्रज्जवलित नहीं। सब मिलाकर मेरे लिए एक शून्य है। प्रिय नाविक तुम स्वदेश लौट जाओ, वैभवौ का सुख भोगने के लिए और मुझे छोड़ दो इन निरीह भोले-भाले प्राणियों के दुःखों में सहानुभूति और सेवा के लिए।''

(घ) दोनों इस वक्त शान से बैठे हुए पूरियाँ खा रहे थे। जैसे जंगल में कोई शेर शिकार उड़ा रहा हो। न जवाबदेही का शौक था, न बदनामी की फिक्र। उन भावनाओं को उन्होंने बहुत पहले ही जीत लिया था।

(ङ) एक नवयुवक चाबियों का गुच्छा घुमाता, गली की तरफ आया। बुड़के को वहाँ देखकर उसने पूछा-कहिए मियाँ जी, यहाँ किसलिए खड़े हैं ?

**2.** 'गबन' उपन्यास की समस्या क्या है ? समझाइए। **10**

**अथवा/OR**

'जोहरा' अथवा 'रतन' के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**3.** 'कफन' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समीक्षा कीजिए। **10**

**अथवा/OR**

ठेस कहानी के सिरचन के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियाँ लिखिए– **3×5=15**

(क) ''परदा' कहानी प्रतीकात्मक है।'' स्पष्ट कीजिए।

(ख) कहानी के प्रमुख तत्वों के नाम लिखिए।

(ग) 'अश्क' की कहानियों की विशेषताएँ लिखिए।

(घ) 'तेलुगू एवं हिन्दी के सेतु 'बालशौरि रेड्डी' कथन को समझाइये।

(ङ) शिवानी की कहानियों में नारी मनोभावों पर टिप्पणी लिखिये।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए— **10**

(क) 'हिन्दी कथा साहित्य' के सम्पादक कौन हैं ?

(ख) आपके पाठ्यक्रम में कुल कितनी कहानियाँ हैं ?

(ग) 'बबर अली खाँ' किस कहानी के पात्र हैं ?

(घ) ''गदल'' कहानी में गदल महिला है या पुरुष ?

(ङ) बुधिया किसकी पत्नी है ?

(च) गबन उपन्यास में गबन कौन करता है ?

(छ) आकाशदीप कहानी है या उपन्यास ?

(ज) बिरादरी बाहर के रचनाकार का नाम क्या है ?

(झ) 'रति-विलाप' किसकी कहानी है ?

(ट) 'पारस बाबू' किस कहानी का पात्र है ?

(ठ) शिवानी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(ड) 'आकाश दीप' कहानी की नायिका का नाम लिखिए।

(ढ) 'चौदह फेरे' किसकी रचना है ?